# “बीसी सखी” पहल

## चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को **झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस)** ने **भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)** के साथ **बैंकिंग संवाददाता** के माध्यम से डिजिटिल बैंकिंग को बढ़ावा देने हेतु ‘**बीसी सखी पहल**’ का ऑनलाइन शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- सिडबी डिजिटिल बैंकिंग सहायता कार्यक्रम के ऑनलाइन लॉन्च कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव एन.एन. सिन्हा ने भाग लिया।
- सखी मंडल की 4,620 महिलाएँ वर्तमान में लगभग 3,137 पंचायतों को बीसी सखियों के रूप में घर-घर बैंकिंग सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। लॉकडाउन के समय देश की इन बीसी सखियों ने लगभग 6,000 करोड़ रुपए का लेन-देन किया और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया।
- सिडबी द्वारा बीसी सखियों के माध्यम से डिजिटिल बैंकिंग की पहल को एक नया आयाम मिलेगा और जल्द ही सखी मंडल की दीदी बैंकिंग सखी हर पंचायत में संवाददाता के रूप में घर-घर सुविधा प्रदान कर सकेगी।
- सखी मंडल की बहनों को बीसी सखी के रूप में बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिये ग्रामीण विकास विभाग के तहत जेएसएलपीएस की पहल को सिडबी के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी।
- सिडबी बीसी सखी पहल के लिये डिजिटिल प्रशिक्षण सामग्री, एमआईएस डैशबोर्ड और क्षमता निर्माण में अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bc-sakhi-initiative